Damage to DTC buses during Bandh

336. DR. C. SILVERA: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) the number of Delhi Transport Corporation buses including buses under DTC operations damaged during the BANDH organised by opposition parties in Delhi on the 10th February, 1986;

(b) the estimated loss suffered by DTC on this account and the estimated for getting the buses replaced;

(c) the number of persons arrested in this connection and injured during the BANDH; and

(d) whether a few buses were also damged on 8th and 9th Feb., 1986 before the actual BANDH, if so what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) 339 buses of the D.T.C. were damage during BANDH agitation on 10-2-86. No records are available to show as to how many private buses under DTC Operation were damaged on this day.

(b) The estimate for getting the buses repaired works out to roughly Rs. 3,72,900|- as per DTC estimates.

(c) The information is as under :—

Number of person arrested	474
Detained under Sec. 65 of Delhi Police Act	808
Persons injured	10 (including 7 policemen)

(d) On 8-2-86, 8 buses of the Corporation were damaged. As per the records no bus of the Corporation was damaged on 9.2.86. The estimated cost of damage of 8 buses is Rs. 5,800|.

इन्दौर भोपाल लाइन का नवीकरण

337. **श्री राधाकिशन मालवीय** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इन्दौर भोपाल रेल लाइन बड़ी खराब स्थिति में है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस लाइन का सर्वेक्षण किया गया है, यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस के सुधार का कार्य कब तक आरम्भ तथा पूरा किया जायेगा ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) से (ग) जी नहीं । तथापि कुल 262.69 रेलपथ किलोमीटर में से लगभग 90 किलोमीटर लम्बे रेलपथ का नवीकरण किया जाना अपेक्षित है । उज्जैन और इन्दौर के बीच भी लगभग 45 कि०मी० रेलपथ में 75 पौंड की पटरियों का 90 पौंड की पटरियों से बदलाव किया जाना आवश्यक है । नवीकरण के काम को वित्तीय वर्ष 1987–88 में पूरा करने की योजना बनायी गयी है ।

भाप के इंजनों का बदला जाना

338. **श्री राधाकिशन मालवीय** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे भाप से चलने वाले इंजनों को बदलने का विचार रखता है, यदि हां, तो वर्तमान में कितने भाप इंजन हैं तथा इन्हें डीजल अथवा विद्युत इंजनों में कब तक बदल दिये जाने की संभावना है;

(ख) अब तक कितने भाप इंजन बदल दिये गये हैं; और

(ग) भाप, डीजल तथा विद्युत इंजनों का परिचालन व्यय क्रमश: कितना-कितना है ?